खेल और मनोरंजन के साथ बनेगा पढ़ाई का माहौल : जिंदल

सेवा-समर्पण

- बहुउद्देशीय हॉल के उद्घाटन अवसर पर श्रीमती शालू जिंदल ने कहा
- जेएसपीएल ने चिल्ड्रन होम के बच्चो के लिए की पहल

• नवभारत ब्यूरो. | भुवनेश्वर.
www.navabharat.news

जेएसपीएल फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती शालू जिंदल ने आज पंचमहाल, अंगुल में अद्भुत चिल्ड्रन होम परिसर के अंदर एक बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन किया. 1300 वर्ग फुट का हॉल चिल्ड्रन होम के 120 बच्चों द्वारा उनके भोजन, अध्ययन के साथ-साथ इनडोर खेलों और मनोरंजक गतिविधियों के लिए किया जाएगा. हॉल में बच्चों के लिए 200 से अधिक पुस्तकों के साथ एक पुस्तकालय भी शामिल है. जेएसपीएल फाउंडेशन, सीएसआर आर्म ऑफ जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) 2016 से अद्भुत्त चिल्ड्रन होम के बच्चों का समर्थन कर रहा है.

फाउंडेशन ने लड़कियों के लिए तीन मंजिला इमारत का निर्माण किया है और बच्चों को उनके स्कुल आने जाने के लिए एक समर्पित स्कूल बस प्रदान किया है. हॉल का उद्घाटन करते हुए, श्रीमती जिंदल ने कहा चिल्ड्रन होम के बच्चे जेएसपीएल फाउंडेशन के लिए विशेष हैं. मुझे उम्मीद है कि यह बहुउद्देशीय हॉल छात्रों को किताबें पढ़कर अपना बहुमूल्य समय बिताने और विभिन्न इनडोर गेम्स खेलकर खुद को आगे बढ़ाने के लिए एक अच्छा माहौल प्रदान करेगा.



बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन की सुविधा

प्रोजेक्ट स्नेहा के तहत 2009 से यहां बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा रहा है. बच्चों की बीएमआई स्थिति की निगरानी के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए जाते हैं. जेएसपीएल फाउंडेशन ओ पी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज और अन्य पॉलिटेक्निक कॉलेजों में तकनीकी प्रशिक्षण से गुजरने के लिए स्कूल पास आउट की सहायता भी कर रहा है, ताकि वे अपने तकनीकी कौशल के माध्यम से रोजगारपरक बनें. जेएसपीएल परिसर के अंदर स्थित ओपी जिंदल स्कूल में कुछ बच्चों को उनकी शिक्षा के लिए भी सहायता दी जाती है. जेएसपीएल के अध्यक्ष और प्रमुख (ग्रुप सीएसआर एंड सस्टेनेबिलिटी) प्रशांत होता, महाप्रबंधक (सीएसआर) श्रीमती पुष्पलता सत्पथी और जेएसपीएल के अन्य अधिकारियों के साथ-साथ चिल्ड्रन होम के कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे. चिल्ड्रन होम की प्रिंसिपल डॉ सागरिका मिश्र ने जेएसपीएल फाउंडेशन और शालू जिंदल का धन्यवाद किया.